# केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)**

**श्री अरबिंद मार्ग, नई दिल्ली - 110 016 (भारत)**

**दूरभाष: 91-11-26962580, टेलीफैक्स: 91-11-26864141**

**ईमेल: jdciet.ncert@nic.in; jointdirectorciet@gmail.com**


जनवरी १६, २०२२

**विषय: शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की पीएम ई-विद्या पहल के तहत शैक्षिक टीवी और रेडियो सामग्री के व्यापक प्रसार हेतु**

महोदया / महोदय,

कोविड-१९ महामारी की स्थिति में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने शिक्षार्थियों के बीच निरंतर सीखने को सक्षम करने के लिए, 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत ०१ सितंबर २०२० को पीएम ई-विद्या (PMeVIDYA) पहल शुरू की है। इस पहल के तहत, कक्षा १-१२ (एक कक्षा-एक चैनल) के लिए १२ डीटीएच टीवी चैनलों पर पाठ्यक्रम-आधारित कार्यक्रमों का टीवी प्रसारण और 'रेडियो, सामुदायिक रेडियो, सीबीएसई पॉडकास्ट-शिक्षा वाणी का व्यापक उपयोग' के तहत रेडियो प्रसारण शुरू किया गया है। पहल के तहत, हरेक कक्षा (कक्षा १-१२) से जुड़ी एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों पर आधारित और सह-पाठ्यचर्या ई-सामग्री शिक्षार्थियों के लिए दूरदर्शन मुक्त डिश टीवी चैनलों, निजी केबल ऑपरेटरों तथा रेडियो प्रसारण और पॉडकास्ट के माध्यम से प्रसारित किए जा रहे हैं, जो मुफ्त और मुक्त रूप से उपलब्ध है।

इन चैनलों पर ६,००० से अधिक पाठ्यक्रम आधारित वीडियो कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं। सीखने की समावेशिता बढ़ाने के लिए ६०० से अधिक भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) वीडियो भी प्रसारित किए जा रहे हैं। टीवी के अलावा, ये ई-कंटेंट इंटरनेट आधारित दीक्षा प्लेटफॉर्म (https://diksha.gov.in/) पर भी सुसंगत पहुंच (coherent access) के रूप में उपलब्ध हैं। मासिक समय-सारणी सीआईईटी की वेबसाइट (https://ciet.nic.in/pages.php?id=pmevidya&ln=en) के माध्यम से देखी जा सकती है। प्रत्येक कक्षा के विशेषज्ञों के साथ इन चैनलों पर साप्ताहिक लाइव इंटरेक्टिव फोन-इन सत्रों का भी प्रसारण किया जाता हैं। साथ ही २३० रेडियो स्टेशनों (१८ ज्ञान वाणी एफएम रेडियो स्टेशनों, ८० सामुदायिक रेडियो स्टेशनों, १३२ आकाशवाणी केंद्र, इंटरनेट रेडियो और जियो सावन मोबाइल ऐप पर पॉडकास्ट) के माध्यम से पूरे देश में ३,००० से अधिक पाठ्यक्रम-आधारित ऑडियो कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं। रेडियो का विवरण स्टेशन सीआईईटी की वेबसाइट: https://ciet.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। इस कोविड-१९ महामारी की स्थिति में शिक्षार्थियों को टीवी और रेडियो के माध्यम से इन गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री तक पहुँचने में मदद करने के लिए आपके राज्य/केंद्र शासित प्रदेश/संस्थान के छात्रों, शिक्षक, शिक्षक शिक्षक और अन्य हितधारक के बीच इस पहल को व्यापक रूप से प्रचारित करने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी अधिक जानकारी के लिए आपसे अनुरोध है कि डॉ अभय कुमार, सहायक प्रोफेसर, सीआईईटी-एनसीईआरटी और समन्वयक, पीएम ई-विद्या से मोबाइल नंबर- 9612475484, ईमेल - abhay.kumar@ciet.nic.in पर संपर्क करें।

सादर

(प्रो. अमरेंद्र पी. बेहेरा)
संयुक्त निदेशक

**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में समग्र शिक्षा के सभी राज्य परियोजना निदेशक**
**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एससीईआरटी/एसआईई के सभी निदेशक**
**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूल बोर्ड के सभी अध्यक्ष/सचिव**
**MoE, MoD, MoTA, MoMA के तहत स्वायत्त निकायों (स्कूल शिक्षा) के प्रमुख**